प्रेस नोट– जनपद कन्नौज

दिनांकः 28.10.2026

थाना छिबरामऊ क्षेत्रांतर्गत 60 वर्षीय महिला के ऊपर पैट्रोल डालकर आग लगाकर घायल करने का आरोपी पुलिस मुठभेड में घायल / गिरफ्तार , अवैध तमंचा, कारतूस, मोबाइल व मोटरसाइकिल बरामद।

संक्षिप्त विवरण—

दिनांक 27.10.2026 को थाना छिबरामऊ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तिगुड़िया निवासी सोनतारा उम्र करीब 60 वर्ष पत्नी विजय राठौर को तेल डालकर जलाने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर घायल महिला को अस्पताल पहुँचाया गया। चिकित्सकों द्वारा करीब 30 प्रतिशत बर्न इंजरी बताते हुए बेहतर उपचार हेतु कानपुर के उर्सला अस्पताल रेफर किया गया, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। पीड़िता के पति की तहरीर के आधार पर थाना छिबरामऊ पर मु0अ0सं0 474/2026 धारा 109(1) बीएनएस के अन्तर्गत अभियुक्त सर्वेश पुत्र मेवाराम बाथम निवासी ग्राम बेहटा, थाना तालग्राम, जनपद कन्नौज के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना छिबरामऊ पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस की टीमें लगाई गई थीं। दिनांक 28.10.2026 को समय करीब 01:45 बजे तालग्राम रोड पुलिया के पास पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की घेराबंदी कर गिरफ्तारी का प्रयास किया गया। इसी दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर उपचार हेतु सीएचसी छिबरामऊ भेजा, जहाँ उसका उपचार चल रहा है। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व मोबाइल , मोटरसाइकिल बरामद हुए । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नामपता-

सर्वेश पुत्र मेवाराम बाथम निवासी ग्राम बेहटा, थाना तालग्राम, जनपद कन्नौज उम्र करीब 42 वर्ष।

बरामदगी—

01 तमंचा 315 बोर।

01 जिन्दा कारतूस।

02 खोखा कारतूस।

01 एंड्रॉइड मोबाइल फोन।

01 CT100 मोटरसाइकिल।

गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. निरीक्षक कपिल दुबे मय थाना छिबरामऊ टीम ।
2. निरीक्षक त्रदीप सिंह मय सर्विलांस टीम ।
3. एसओजी टीम ।
4. उ0नि0 तरूण प्रताप सिंह थाना तालग्राम ।


EVIDENCE

